शनिवार को राखी महोत्सव का आयोजन सेक्टर 5 दुर्गा मंच में किया गया। जहां भिलाई नगर विधायक व महापौर देवेंद्र यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में शहर भर से मितानिन , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला कमांडो, स्व. सहायता समूहि की महिलाएं पहुंची। हजारों की संख्या में शामिल हुई महिलाओं ने मेयर व विधायक देवेन्द यादव को राखी बांधी। मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया और बहुत ही उमंग और उत्साह से भाई बहन के इस पर्व को धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मेयर देवेन्द्र यादव ने कहा कि ये भाई बहन के प्यार का त्योहार है। 15 अगस्त और राखी का पर्व एक साथ होने की वजह से मैं अपनी बहनों से मिल नहीं पाया। इस लिए आज हम सब मिले हैं। सैकड़ों बहनों ने मेयर देवेंद्र यादव को राखी बांधी और मेयर देवेंद्र यादव ने सब बहनों को सुरक्षा का वचन दिया रक्षाबंधन कार्यक्रम के बाद यहां अंताक्षरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ बहनों संग मेयर देवेंद्र यादव ने गाना गाया। सभी ने बारी-बारी गाना गाते और अपने जमाने के गानों को याद करके गुनगुनाया। यही नहीं जब म से गाना गाना था और किसी को गाना याद नहीं आया तो मेयर देवेंद्र यादव ने गाना गाया। बॉक्स

बालोद ट्रेन के डिब्बे बढ़ाने की मांगरक्षाबंधन कार्यक्रम के दौरान कुछ महिलाओं ने मेयर देवेंद्र यादव को राखी बांधी उसके बाद उन्हें अपनी परेशानी बताई। महिलाओं ने बताया कि दुर्ग से बालोद रूट के ट्रेन में डिब्बे बढ़ाई जाए। ट्रेन में बहुत भीड़ रहती है। इस वजह से महिलाओं को खास कर गर्भवतियों और बच्चों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने मेयर देवेंद्र यादव से कहा कि वे उनकी यह बात सरकार तक पहुंचाए। मेयर देवेंद्र यादव ने उन्हे आश्वसत किया और कहा कि मैं वादा करता हूं पूरी कोशिश करूंगा कि आप लोगों की मांग पूरी हो जाए। रक्षाबंधन कार्यक्रम में पुरैनी से भी सैकड़ों महिलाएं आई। इस वजह से यहां का काम प्रभावित होगा। ऐसे में मेयर देवेंद्र यादव ने सीएमएचओ डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर को फोन कर निवेदन किया नर्स का ट्रांसफर न किया जाए।